प्रकाशनार्थ

1 अक्टुबर, 2024 गोरखपुर

1 अक्टुबर प्रति वर्ष पुरे देश में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय रक्तदान दिवस की थीम एवं नारा रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है। इस अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और बताया कि किसी भी आपातकाल या प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु अथवा उन रोगियों को जिन्हे रक्तदान की बार-बार अवश्यकता पडती है। ऐसे रोगियों को इन रक्तदाताओं के बल पर ही ब्लड बैंक इनकी मदद्
कर पाती है।
ब्लड बैंक अधिकारी डॉ ममता जयसवाल ने सभी रक्तदाताओं के प्रति अपनी कृमज्ञता व्यक्त किया तथा बताया कि ऐसे कार्यक्रम जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं समाज में भ्रांतियों को दूर करने के लिए आयोजित किये जाते हैं।
चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ अरविंद कुशवाहा ने स्वयं भी रक्तदान किया और रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए उन्हे हर तीन माह बाद रक्तदान करने की अपिल की।
आज के मुख्य अतिथि - पूरन जी (असिस्टेंट कमिश्नर), राहुल कुमार (औषधि निरिक्षक), कर्नल डॉ अरविंद कुशवाहा( निदेशक), कर्नल हिमांशु दीक्षित (अपर निदेशक), ममता जयसवाल (ब्लड बैंक अधिकारी), जसपाल सिंह (अध्यक्ष गुरूद्वारा प्रबंधन समिति जटाशंकर), जगनैन सिंह नितू सदस्य(यु0पी0 पंजाबी अकेडमी) आदि।
इस अवसर पर कुल 30 लोगो ने रक्तदान किया- कर्नल डॉ अरविंद कुशवाहा, कर्नल डॉ हिमांशु दीक्षित, पुरन चन्द, डॉ ममता जयसवाल, कुन्दन सिंह, राम त्रिपाठी, विरेन्द्र गुप्ता तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्त कोष सभी टेक्नीशियन एवं कर्मचारी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण भारी संख्या में रक्तदान तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं के रक्तदान के उपरांत सम्मान पत्र, रिंग, मग, आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के अपर निदेशक कर्नल डॉ हिमांशु दीक्षित ने उपस्थित समस्त रक्तदाताओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं चिकित्सक गण का हृदय से आभार व्यक्त किए तथा धन्यवाद ज्ञापित किए।